## मतदान के लिए प्रेरित किया

**भरतपुर ( निस )।** महाराजा जवाहर सिंह स्मारक समिति एवं अनंत महिला शक्ति भरतपुर के संयुक्त तत्वावधान में राजा मानसिंह सर्किल पर रंगोली बनाकर मतदाताओं को 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा चुनाव में अधिकाधिक मतदान के लिए प्रेरित किया गया। मीडिया प्रभारी डॉ. उदय भान सिंह ने बताया कि उपस्थित लोगों को मतदान की शपथ दिलाई गयी। मान सिंह सर्किल से टेफिक चौराहे तक बाइक रैली निकाली गयी। रैली में शामिल लोग मतदान जागरुकता सम्बन्धी नारे लिखी हुयी तख्तियाँ लेकर चल रहे थे। समिति महासचिव सुधीरपाल सिंह ने कहा कि अधिकाधिक संख्या में मतदान कर लोकतंत्र को मजबूत करें। अनंत महिला शक्ति अध्यक्ष पूनम चौधरी ने कहा कि हमें बिना किसी दबाव व लालच में आये निडर होकर योग्य एवं ईमानदार उम्मीदवार को मतदान करना चाहिए। थान सिंह सोलंकी ने कहा कि हर व्यक्ति को मतदान कर देश के प्रति अपने कत्तर्व्य का निर्वहन करना चाहिए। समिति कोषाध्यक्ष जल सिंह फौजदार ने कहा कि मतदान 18 वर्ष आयु पूर्ण कर चुके हर नागरिक का अधिकार है तथा महिला, बुजुर्ग व दिव्यांगों को भी घर से निकलकर मतदान करना चाहिए। इस अवसर पर हीरा सिंह आर्य, आशासिंह, रविता फौजदार, साधना शर्मा, सरिता, ममता, अर्चना सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# कलेक्टर की अध्यक्षता जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित

**गंगापुर सिटी ।** कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट में जिला स्तरीय अधिकारियों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए सीएमएचओ को लू से बचाव के लिए जागरूकता के बारे में एडवाइजरी जारी करने के निर्देश दिये साथ ही आकाशीय बिजली गिरने से होने वाले जान-माल के नुकसान की रोकथाम के संबंध में भी जन जागरूकता फैलाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। कलेक्टर ने गर्मी के मौसम को देखते हुए जिले के शहरी क्षेत्रों में जलापूर्ति को बढाने के निर्देश जन स्वास्थ्य और अभियांत्रिकी विभाग के अधिशासी अभियंता रामकेश मीणा को दिए। जिससे जिले में किसी भी प्रकार के पेयजल संकट की स्थिति उत्पन्न नहीं हो। उन्होंने अधिशासी अभियंता से अब तक किए गए नल कनेक्शनों से संबंधित जानकारी लेते हुए जल जीवन मिशन के तहत वर्तमान प्रगति की समीक्षा की।

साथ ही हैंडपंप मरम्मत अभियान की प्रगति के बारे में भी कलेक्टर ने जानकारी ली। कलेक्टर ने जिले में लागू आदर्श आचार संहिता की अनुपालना, संभावित मौसमी बीमारियों की रोकथाम, सार्वजनिक आवश्यक सेवाओं की सूचारू रूप से आपूर्ति, कानून व्यवस्था, ई-फाइलिंग प्रणाली क्रियान्वयन, विभागीय फ्लैगशिप योजना, निरीक्षण और समीक्षा बैठकों की अनुपालना रिपोर्ट, संपर्क पोर्टल और जनसुनवाई में प्राप्त परिवादों के निस्तारण की वर्तमान स्थिति और प्रगति की विभागवार समीक्षा की।


गंगापुर सिटी में जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने समीक्षा बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर ने गंगापुर नगर परिषद आयुक्त रिंकल गुप्ता को शहरी क्षेत्र में सफाई व्यवस्था की नियमित रूप से प्रभावी मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने, सीवर लाइन के सुव्यवस्थित संचालन के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार कर आमजन जागरूक करने के निर्देश दिए। जिससे जागरूकता के अभाव में सीवर लाइन अवरुद्ध न हो और न ही इसके कारण जगह-जगह गंदगी फैले। उन्होंने कहा कि उचित आईईसी के माध्यम से वे आमजन को जागरूक कराए कि पॉलीथिन, कचरा, कपडा, सेनेटरी पेड और नैपकिन सीवर लाइन में नहीं डालें। सीवर लाइन का ढक्कन उपभोक्ता द्वारा स्वयं नहीं खोला जाए।

## जनसभा को संबोधित किया

**भरतपुर ( निस )।** रहीमपुर उच्चैन में कांग्रेस लोकसभा प्रत्याशी संजना जाटव के समर्थन में पूर्व कैबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह ने एक चुनावी जनसभा को संबोधित किया। अपने संबोधन में विश्वेंद्र सिंह ने संजना जाटव को अपनी बेटी बताते हुए वोट देने की अपील की। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने आमजन को भरोसा दिलाया कि संजना जाटव भरतपुर के विकास के लिए सदैव तत्पर रहेगी एवं आप लोगों के सुख-दुख में हमेशा काम आएंगी। जिला संगठन महासचिव योगेश सिंघल ने बताया कि 16 अप्रैल को सरसैना (हलेना) में 3.30 बजे पूर्व केबिनेट मंत्री विश्वेंद्र सिंह एक जनसभा को संबोधित करेंगे। इस जनसभा में राजस्थान कांग्रेस के प्रभारी सुखजिंदर रंधावा भी विशेष रूप से शिरकत करेंगे।

## आरोपी को किया गिरफ्तार

**भरतपुर ( निस )।** अटल बंद थाना पुलिस ने मकान में चोरी के मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। 5 अप्रैल को धीमर मौहल्ला निवासी विजयराज ने अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ उसके मकान से घरेलू सामान चोरी कर ले जाने का मामला थाना अटलबंद पर दर्ज कराया था।

जिस पर हैड कानिस्टेबल भूपेन्द्र सिंह ने मामले का अनुसंधान कर आरोपी हरवीर निवासी धीमर मौहल्ला को गिरफ्तार किया।

## सार-समाचार

### सीवर के गंदे पानी से राहगीर परेशान

**गंगापुर सिटी ।** प्राईवेट बस स्टेण्ड के पास नगर परिषद को जाने वाले रास्ते पर सीवर लाइन का पाइप फूटने से सीवर का गंदा पानी सडक पर फैलने से निकल रही बदबू से आसपास के दुकानदारो का दुकानो पर बैठना दुश्वार हो रहा है। वहीं राहगीर भी नाक पर रूमाल रख कर निकल रहे है। आसपास के दुकानदार मुकेश गुप्ता, ओमप्रकाश गुप्ता, प्रेमचंद गुप्ता, राजेन्द्र मोदी ने बताया कि पिछले कई दिनो से सीवर का गंदा बदबूदार पानी सडक पर फैल रहा है। कई बार शिकायत दर्ज कराने के बाद भी एलएनटी के अधिकारियो के कानो पर जूं तक नही रेंग रही है। वही दुकानदारो ने बताया कि मुख्य मार्ग होने की वजह से वाहन तेज गति से निकलते तो सीवर का गंदा पानी उछल कर दुकानो में छीटे डाल देता है जिससे सामान खराब होने के साथ ही ग्राहको से कहासूनी हो जाती है। वहीं दुकानदारो ने बताया कि जिला कलेक्टर, उपखण्ड अधिकारी सहित एलएनटी अधिकारियो को लिखित व मौखिक सूचना देने के बाद भी समस्या का समाधान नहीं होना अधिकारियो की उदासीनता को दर्शा रहा है। जिला स्तरीय अधिकारी भी एलएनटी के सामने पंगू नजर आ रहे है।

### आयुक्त सांवरमल वर्मा ने किया मतदान

**भरतपुर ( निस )।** लोकसभा आम चुनाव में सभी मतदाताओं को मतदान के लिए प्रेरित करने के साथ-साथ प्रशासनिक अधिकारियों द्वारा डाक मतपत्र के माध्यम से अपने मताधिकार का प्रयोग कर आम मतदाताओं को मतदान करने के लिए संदेश दिया जा रहा है। जिला मुख्यालय पर बनाये गये सुविधा केन्द्र में सोमवार को सम्भागीय आयुक्त सांवरमल वर्मा ने डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान कर आम मतदाताओं को भी स्वतंत्र रूप से मतदान करने की अपील की।

### भाजपा प्रत्याशी ने मांगा जन समर्थन

**गंगापुर सिटा।** सोमवार को लोकसभा क्षैत्र टोक सवाईमाधोपुर से भाजपा प्रत्याशी सुखवीर सिंह जौनापुरिया के चुनावी कार्यालय का शुभारम्भ जांगिड धर्मशाला में वैदिक मंत्रोच्चार के साथ किया गया। इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित पूर्व विधायक मानसिंह गुर्जर,सभापति शिवरतन अग्रवाल,बामनवास पूर्व भाजपा प्रत्याशी राजेंद्र मीणा, प्रधान मंजू गुर्जर, प्रदेश महामंत्री मूर्ति मीणा, उपसभापति वीरेंद्र पुजारी, पूर्व सभापति हरिप्रसाद बोहरा, संगीता बोहरा, पूर्व प्रधान कन्हैयालाल, उप प्रधान पुष्कर जाट, मंडल अध्यक्ष नेमीचंद मीणा, एडवोकेट नवीन शर्मा, बाबूलाल सैनी, मनमोहन बजाज, पूर्व उपजिला प्रमुख विजयलक्ष्मी मीणा, गीता देवी नरूका, जिला संयोजक मंजू गुर्जर, गोरंती मीणा, अलका बजाज सहित अनेक भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी एवं नेतागण मंचस्थ रहे ।

### गणगौर महोत्सव में महिलाओ ने लिया भाग

**गंगापुर सिटी ।** अंतर्राष्टीय वैश्य महिला महासम्मेलन तहसील इकाई द्वारा भगवती पैलेस में रेखा अग्रवाल की अध्यक्षता में गणगौर उत्सव मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत में गणगौर का विनोरा निकाला गया। मंत्री अनिता दुसाद ने बताया की गणगौर, विवाहित स्त्रियों के लिए बहुत महत्व रखता है अपनी वैवाहिक संबंधों व पति की दीर्घायु लिए गणगौर की पूजा करती है। कार्यक्रम में प्रतियोगिताओ का आयोजन किया गया जिसमें जूनियर ग्रुप में पूजा गर्ग मिसेज गणगौर बनी व सीनियर वर्ग में ममता खंडेलवाल मिसेज गणगौर बनी। कार्यक्रम में सभी महिलाओं को रिटर्न गिफ्ट में मिले। इस दौरान माधवी गुप्ता, रेखा मोदी, कोषाध्यक्ष रेखा जैन, अभिलेखा जैन, मनीषा डांस, पूजा गुप्ता, कुसुम सांवरिया, मंजू पितलिया सहित सैकडो महिला सदस्य मोजूद थी।

### सुभाष गर्ग ने की जन सुनवाई

**भरतपुर ( निस )।** पूर्व मंत्री एवं विधायक डॉ. सुभाष गर्ग ने भरतपुर दौरे के दौरान दूसरे दिन रणजीत नगर कार्यालय पर जनसुनवाई की और परिवादियों को उनकी समस्याओं का शीघ्र समाधान कराने का विश्वास दिलाते हुये सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को समस्याओं के निराकरण करने के निर्देश दिये। डॉ. गर्ग ने रणजीत नगर कार्यालय पर जन सुनवाई करने के अलावा शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों का भी दौरा किया तथा क्षेत्र की समस्याओं को जानकर समाधान कराने का आश्वासन दिया। इस दौरान डॉ. गर्ग का कई जगह पर स्वागत भी किया गया। डॉ. गर्ग ने भरतपुर शहर के अलावा घसौला, पीरनगर सहित अन्य ग्रामीण क्षेत्रों में पहुंचकर कार्यकर्ताओं से भी मुलाकात की और राजनैतिक तथा सामाजिक विषयों पर चर्चा की। डॉ. गर्ग को क्षेत्र के लोगों ने बिजली, पानी, सडक, अतिक्रमण के अलावा पुलिस से सम्बन्धित समस्याओं से अवगत कराया। जिस पर उन्होंने जलदाय विभाग के अधिकारियों को गर्मी के मौसम में पेयजल की समस्या न आये, इसके लिये प्रभावी उपाय करने के निर्देश दिये। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों को नियमित रूप से बिजली को सुचारू रखने के निर्देश दिये ताकि अध्ययन कर रहे विद्यार्थियों को किसी भी तरह की परेशानी न हो सके। क्षेत्र के दौरे के दौरान लोगों द्वारा डॉ. गर्ग को अतिक्रमण सम्बन्धित समस्याऐं बताई। जिनका समाधान कराने का डॉ. गर्ग ने विश्वास दिलाया। डॉ. गर्ग ने कम्पनी बाग स्थित एक कार्यक्रम में शिरकत की जहां जिला अग्रवाल महासभा के अध्यक्ष सीए अतुल मित्तल, विपेन्द्र बंसल सहित अन्य गणमान्य नागरिकों ने माला व दुपट्टा पहनाकर स्वागत किया।

### वाहन उपलब्ध नही कराने पर होगी कार्यवाही

**करौली ( नि.स. )** जिला परिवहन अधिकारी महावीर प्रसाद पंचोली ने बताया कि लोकसभा चुनाव मे जिला निर्वाचन अधिकारी नीलाभ सक्सेना के निर्देशानुसार परिवहन विभाग के उडनदस्तों द्वारा बसों, मिनी बसों तथा अन्य वाहनों का अधिग्रहण किया जा रहा है। उन्होने बताया कि चुनाव कार्य मे वाहन उपलब्ध नही करवाने वाले वाहन मालिकों के विरूद्ध कानूनी कार्यवाही एवं लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के नियमानुसार वाहनों का पंजीयन एवं परमिट निरस्त की कार्यवाही की जायेगी एवं उन्होने बताया कि चुनाव कार्य के लिये अधिग्रहण की गई।

## दिव्यांगों को किया लाभांवित

**भरतपुर ( निस )।** स्थानीय श्री भगवान महावीर विकलांग सहायता समिति भरतपुर द्वारा तोदी फाउंडेशन 'यू.एस.ए.' के सहयोग से समिति प्रांगण में पंजीकृत 51 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये गये। उपकरण वितरण समारोह में 21 ट्राईसाकिल्स, 18 व्हीलचेयर्स, 5 श्रवण यंत्र, 2 वैशाखी, 2 कैलीपर, 2 कृत्रिम पैर (जयपुर फुट), 1 कृत्रिम हाथ शामिल हैं। संस्था के सचिव वी.के. सिंघल ने संस्था की स्थापना वर्ष 1981 से अब तक की गई दिव्यांगों की सहायता से अवगत कराया। उन्होंने अपने प्रगति प्रतिवेदन में बताया कि समिति द्वारा अब तक 59862 दिव्यांगों को सहायता दी गई है, जिसमें 11642 ट्राईसाइकिल्स, 16204 कैलीपर्स, 2850 ट्राईसाकिल, 549 व्हीलचेयर, 2540 श्रवण यंत्र के अतिरिक्त 172 शिविरों में 73526 मरीजों को लाभांवित किया गया। समारोह में समिति के संस्थापक सदस्य एवं उपाध्यक्ष डॉ. भूषण अरोड़ा एवं डॉ. त्रिलोक गुप्ता ने पीड़ित मानवता की सेवा में खुले दिल से सहयोग की अपील की। समारोह में समिति की कोषाध्यक्ष दीपिका मेहता ने समिति की वर्कशॉप में निर्मित जयपुर फुट, कैलीपर व कृत्रिम हाथ की तकनीक से अवगत कराया। समारोह में समिति अध्यक्ष शांति बापना ने समिति के संस्थापक डॉ. एम.एम. बापना द्वारा समर्पण एवं दिव्यांगों की सेवा को याद किया। कार्यक्रम में समिति के नवीन 26 आजीवन सदस्यों को प्रमाण-पत्र व पटका पहना कर सम्मानित किया गया। समारोह में प्रमुख उद्योगपति जय गोयल, विवेक गोयल, कृष्णकुमार खंडेलवाल, नवीन खन्ना, डॉ. यू.एस. जूरैल, प्रदीप शर्मा जी, डॉ. माथुर, डॉ. एल.पी. गुप्ता, रूपेश गोयल, विष्णु जैन, विनोद मंगल सहित अनेकों गणमान्य नागरिकों के अतिरिक्त दिव्यांगों के परिजन उपस्थित थे।

# रामनवमी पर निकलेगी विशाल शोभा यात्रा

**गंगापुर सिटी।** श्री रामलला आनन्दोत्सव समिति के तत्वाधान में रामनवमी के शुभ अवसर पर गंगापुर नगर में भव्य एवं विशाल शोभायात्रा निकाली जाएगी। समिति के सुरेंद्र मित्तल ने बताया कि 500 वर्ष बाद भगवान श्री राम अपने धाम पर पधारे हैं।

अपने धाम पर पधारने के बाद, यह पहेली रामनवमी है इसको निमित्त बनाते हुए गंगापुर सिटी हायर सेकेंडरी स्कूल से 17 अप्रेल बुधवार को दोपहर 3 बजे से शोभा यात्रा प्रारंभ की जाएगी। यात्रा हायर सेकेंडरी स्कूल से कोर्ट चौराहा, सब्जी मंडी चौराहा, व्यापार मंडल, मुख्य बाजार, चौपड, बालाजी चौक, कैलाश टॉकीज, फव्वारा चौक, उदेई मोड चौराहा, ओसवाल चुंगी नाका से वापस हायर सेकेंडरी स्कूल के मैदान में पहुंचेगी, वहीं पर आरती के साथ यात्रा का समापन किया जायेगा। समिति के मिट्ठू सिंह गुर्जर ने बताया कि शोभायात्रा में आगरा से बुलाई गई झांकियां मुख्य आकर्षण हेगा एवं साथ ही घोडे, ऊंट, सजीव झांकियां, यात्रा की शोभा बढाएंगे। समिति के पदाधिकारियो ने सभी रामभक्तो से शोभायात्रा में सपरिवार भाग लेने की अपील की है।


गंगापुर सिटी में सजा राम दरवार की फाइल फोटो।

# प्रवेश वर्मा ने केन्द्र सरकार के संकल्प पत्र की जानकारी दी

**भरतपुर ( निस )।** लोकसभा सह प्रभारी प्रवेश वर्मा ने प्रेस वार्ता कर केन्द्र सरकार के संकल्प पत्र की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि संकल्प पत्र में देश के चार वर्गों गरीब, युवा, किसान व महिला के कल्याण पर विशेष फोकस रखा गया है। उन्होंने कहा कि भाजपा के संकल्प पत्र के द्वारा नवभारत निर्माण के लिए जो वायदे किए है वो मोदी सरकार की गांरटी की गांरटी है।

उनके द्वारा गरीब परिजनों की सेवा की गांरटी के तहत पांच वर्षो के मुफ्त राशन की गांरटी दी। इसके अतिरिक्त आयुष्मान भारत के तहत गरीब परिवारों को पांच लाख रूपये का गुणवत्ता निशुल्क स्वास्थ्य इलाज करने की गांरटी दी। पीएम आवास योजना के विस्तार के तहत चार करोड़ गरीब परिवारों को पक्का घर दिए जाने का आष्वासन वायदा किया है इसके अतिरिक्त हर घर में नल सभी को स्वच्छ ईधन एवं अपने घर का सपना पूरा करने का वायदा मोदी सरकार ने किया है। रोजगार के नए अवसर भारत में स्टार्ट अप के माध्यम से टीयर दो और टीयर तीन शहरों में प्रारंभ किए जावेंगे। भारत का पर्यटन हब एवं ग्लोवल कैपिविलिटी सेंटर बनाने का प्रयास किया जावेगा।

भारत में स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार होगा। मध्यम वर्ग परिवारों को अच्छी स्वास्थ्य सेवाएं कम कीमत में मिल सके। जन औषधि केंद्र्रें के माध्यम से गरीब को राहत देते हुए सस्ती दवाएं उपलब्ध कराई जावेगी। आधुनिक सड़क नेटवर्क, रेल नेटवर्क, इलैक्ट्रिक वाहनों के चार्जिग स्टेषन, नए हवाई अड्डों, किफायती फाइवजी एवं सिक्सजी पर ध्यान केंद्रित करके मध्यम वर्गीय परिवार के जीवन को सुगम बनाएंगे। तीन करोड लखपती दीदीया बनाने का लक्ष्य दिया गया है। महिला एसएसजी को सर्विस क्षेत्र से जोड़ेगे तथा महिला एसएसजी के उत्पादों को सीधे ग्राहकों तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा है। शक्ति डैस्क का विस्तार करते हुए पुलिस स्टेशनों पर महिला हैल्प डैस्क की स्थापना कर 24 घंटे महिला अधिकारी की ड्यूटी सुनिश्चित की जावेगी।

प्रेस वार्ता को राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम द्वारा संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार अपने संकल्प पत्र के प्रति पूर्ण प्रतिबद्ध है एवं जिस तरह से राजस्थान की भजनलाल सरकार द्वारा अपने घोशणा पत्र की 45 प्रतिषत की घोशण पर अमल कर 90 दिवस के अंदर अपना कीर्तिमान स्थापित किया है उसी तरह केंद्र सरकार भी उक्त संकल्प पत्र को एक निश्चित समय सीमा में पूर्ण करेंगी एवं राजस्थान और केंद्र की डबल इंजन सरकार भारत को नया विश्वगुरू बनाने की ओर अग्रसर होगा।

## महिला कार्मिकों ने निकाली महिला जागरूकता रैली

**करौली ( नि.स. )।** जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलेक्टर नीलाभ सक्सेना के निर्देशन में लोकसभा चुनाव में मतदान के प्रति जागरूकता पैदा करने हेतु मनाए जा रहे सतरंगी सप्ताह के अन्तर्गत सहायक रिटर्निंग अधिकारी एसडीएम पिंकी गुर्जर के मार्गदर्शन में विधान सभा क्षेत्र करौली की आशा सहयोगनी, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता, सहायिकाओं आदि महिला कार्मिकों द्वारा महिला मतदाता जागरूकता रैली निकाली गई।

करौली ब्लॉक स्वीप को ऑर्डिनेटर राजेन्द्र दीवान ने बताया कि रैली को पुरानी नगर पालिका से महिला एव बाल विकास विभाग के उपनिदेशक सत्यनारायण नागोरिया व करौली विधान सभा के डेडीकेटेड सहायक निर्वाचक रिटर्निंग अधिकारी नायब तहसीलदार रामावतार शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।महिला कार्मिकों की रैली पुरानी नगर पालिका से फूटाकोट,सदर बाजार,अनाज मंडी, बड़ा बाजार बजीरपुर गेट, पीडब्ल्यूडी, कलेक्ट्री सर्कल होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंची। रैली में महिला कार्यकर्ता ऑरेंज रंग के परिधानों में वोट करूंगी तभी बढ ूंगी की थीम पर आधारित नारे लगाते हुए चल रही थी। सहायक निदेशक सूचना एव जनसंपर्क धर्मेन्द्र मीना, महिला एव् बाल विकास अधिकारी सत्यप्रकाश शुक्ला,प्रमुख ब्लाक चिकित्सा अधिकारी डॉ ओमप्रकाश महावर, चिकित्सा विभाग के बी पी ओ सोयल खान, बी पी एम मुकेश चतुर्वेदी, महिला पर्यवेक्षक प्रियंका शर्मा, अमरवाई मीना,मंजू शर्मा भी रैली के साथ रहे।

# लायंस क्लब द्वारा शत प्रतिशत मतदान हेतु स्वीप कार्यक्रम आयोजित

**भरतपुर ( निस )।** लायंस क्लब भरतपुर द्वारा 19 अप्रेल को होने वाले लोकसभा चुनावों में शत प्रतिशत मतदान हेतु सभी मतदाताओं को जागरूक करने का ''स्वीप'' कार्यक्रम किया गया। क्लब प्रेसीडेंट लायन विनोद कुमार मंगल ने वताया कि क्लब द्वारा यह कार्यक्रम लक्ष्मण मंदिर चौक पर सांय 5 से 6 बजे तक आयोजित किया जिसमें जिला निर्वाचन अधिकारी जिला कलक्टर भरतपुर मुख्य अतिथि थे। जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. अमित यादव का स्वागत क्लब अध्यक्ष द्वारा माला व दुपट्टा से किया गया। अपने उदबोधन में मुख्य अतिथि महोदय ने क्लब द्वारा आयोजित इस मतदाता जागरूकता कार्यक्रम की सराहना की एवं उन्हें आमंत्रित करने के लिए क्लब प्रेसीडेंट को धन्यवाद दिया। उन्होंने कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों को आगामी 19 अप्रेल के मतदान में शत प्रतिशत व निस्पक्ष मतदान की शपथ भी दिलाई। क्लब अध्यक्ष लायन विनोद मंगल ने भी अपने उदबोधन में सभी आमजन का अभिनंदन करते हुए सभी से यह आग्रह किया कि वे सभी मतदान अवश्य करें एवं सब काम छोड दें, सबसे पहले वोट दें' का नारा दिया। इस कार्यक्रम में सभी लोगों को मतदान की शपथ स्वरूप शपथ बैनर पर हस्ताक्षर कराए गए एवं सभी को सेल्फी पोइंट पर मतदान शपथ के साथ सेल्फी फोटो कराई गई।

इस अवसर पर लायन सीमा मंगल, विनोद मंगल, जितेन्द्र अग्रवाल, संतोष खंडेलवाल, शिवशंकर बंसल, नृपेश आर्य, यश आर्य, राजकुमार तिलकधारी, हरीशंकर गोयल, राकेश सर्राफ, रजत आर्य,सतीश सिंघल, आर.पी. शर्मा, मनोज झालानी, नीता गर्ग, विनोद गर्ग, लक्ष्मण पाठक, जी.सी. गोयल, उमेश सिंघल, मीडियाकर्मी राजेन्द्र जती, प्रमोद शर्मा, अंकुर गुप्ता, संतोष गर्ग, मीरा गर्ग, नमिता व्यास, धवल व्यास, रामावतार कोठारी, कपिल गुप्ता, राजेन्द्र अग्रवाल, के अतिरिक्त भारी संख्या में आमजन महिला पुरूष, युवक युवतियों की भागीदारी रही। सभी ने भारी उत्साह से कार्यक्रम में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में लायन जितेन्द्र अग्रवाल ने सभी का आभार व्यक्त किया।



लायंस क्लब भरतपुर द्वारा ''स्वीप'' मतदाता जागरूकता कार्यक्रम किया

## झूलेलाल की छठी पर धार्मिक आयोजन

**अजमेर, ( कासं )।** पूज्य झूलेलाल जयन्ती समारोह समिति द्वारा चलाए जा रहे चेटीचण्ड पखवाड़े के 16वें दिन झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर व इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर चांद बावड़ी में आराध्यदेव झूलेलाल की छठीं पर बहिराणा पूजन, छेज, दीपदान व महाआरती के धार्मिक आयोजन किये गयेश्री झूलेलाल सेवा मंडली झूलेलाल मंदिर वैशाली नगर – कार्यक्रम संयोजक खुशीराम ईसरानी ने बताया कि इस धार्मिक आयोजन के साथ बहिराणा साहिब की पंचमहाजोत पूज्य झूलेलाल जयंती समारोह समिति के अध्यक्ष कंवल प्रकाश किशनानी, मंदिर अध्यक्ष प्रकाश जेठरा, वैशाली सिंधी सेवा समिति के अध्यक्ष जी.डी. वरिंदानी, महासचिव ईश्वरदास जेसवानी ने प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया।इस अवसर पर मशहूर भगत चंद्र रुपाणी एंड पार्टी व होतचंद मोरयानी, पूनम गीतांजलि ने ''ही मेलो श्री झूलेलाल जो ही मेलो'', ''अज त मुहिंजों लाल आहियो'' आदि भजनों की प्रस्तुति देकर सभी को खूब झूमाया।महाआरती जय प्रकाश मंघाणी, रमेश रायसिंघानी, गोविंदराम कोडवानी, शंकर टिलवानी, गोविंद राम कोडवानी, वासुदेव गिदवानी, नारायण झामनानी, ओम प्रकाश शर्मा, भेरूमल शिवनानी द्वारा की गई।इच्छापूर्ण झूलेलाल मन्दिर, आशा गंज – कार्यक्रम संयोजक राम बालवाणी ने बताया कि बाबा गागूमल सहित कार्यकर्ता सम्मिलित थे।

# सीवरेज के लिए मुख्य सड़क को खोदकर भूली एलएंडटी


गंगापुर सिटी के नया बाजार में खुदी पड़ी सड़क।

**गंगापुर सिटी।** फव्वारा चौक से नया बाजार तक की सडक बदहाल हालत में है। कारण है सीवरेज लाइन डालने वाली एलएंडटी कंपनी की लापरवाही। जिसने लाइन डालने के बाद सडक को बिना मरम्मत के छोड दिया।

जिससे व्यापारी, राहगीर और आसपास रहने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। नया बाजार में तो लाइन डालने के लिए करीब एक माह पूर्व सडक को खोद कर छोड दिया। वर्तमान में सावों का दौर चल रहा है, ऐसे में काफी संख्या में ग्रामीण और शहरी क्षेत्र के लोग बाजार में खरीदारी के लिए आ रहे है, जिसके कारण बाजारों में पैर रखने के लिए भी जगह नहीं है। वहीं नया बाजार में सडक पूरी तरह से खुदी पडी है, इसके कारण न केवल राहगीर, वाहन चालक और दुकानदार बल्कि आसपास के लोगों को काफी परेशानी हो रही है। हालत यह है कि कई लोग तो चोटिल भी हो चुके हैं। इतना ही नहीं नया बाजार देवी स्टोर के पास तो सीवर लाइन के चैंबर लीकेज हो रहे है और सीवर का गंदा पानी सडक पर बाहर फैल रहा है।